आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारत एक बार फिर विश्व डाक संघ की प्रशासनिक परिषद का सदस्य चुन लिया गया है।
- द्वीपसमूह के उपराज्यपाल ने कमांड द्वारा आयोजित द्वीप दीक्षा संवाद का शुभारंभ किया।
- डॉ. एस आर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से तीन दिवसीय क्षमता निमार्ण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- खादी एवं ग्रामद्योग बोर्ड की ओर से खादी बिक्री सहप्रदर्शनी का कल उद्‌घाटन किया गया।

<><><><><><><>

भारत एक बार फिर विश्व डाक संघ की प्रशासनिक परिषद का सदस्य चुन लिया गया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि इससे भारतीय डाक व्यवस्था के सुधारों और डिजिटल पहलों में विश्व समुदाय के विश्वास का पता चलता है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस उपलब्धि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते नेतृत्व का पता चलता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में विदेश मंत्री डाक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर के मार्गदर्शन की भी बड़ी भूमिका रही है। भारत 1876 से ही विश्व डाक संघ का सदस्य है और अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क को मज़बूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में हम जानेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से प्रत्येक बालिका के लिए सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। 3 सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। आज हम कमर्शियल मालवाहक वाहनों की बात कर रहे हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के अध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने अंडमान निकोबार कमान की ओर से आयोजित द्वीप दीक्षा संवाद–2025 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कमान के सी आई एन सी ए एन, पूर्व नौसेना प्रमुख, कमांडर, राजनयिक, पूर्व सैनिक, विद्वान और रणनीतिकार भी शामिल हुए। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने प्रतिनिधियों को द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में प्रशासन की विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। ये पहल सड़क, वायु, जल और डिजिटल क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जो प्रधानमंत्री द्वारा 'विकसित भारत– 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

<><><><><><><>

डॉ. एस.आर. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने आज के गतिशील शिक्षण वातावरण में शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए व्यावसायिक विकास पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए  बालवाटिकाओं को मजबूत करने का आश्वासन दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुलता राव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या ने नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से शिक्षण प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने के लिए डाइट की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कार्यशाला का समापन आज होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से कल मिडिल पॉइंट, में खादी बिक्री–सह–प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया गया। उद्योग परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन उद्योग निदेशक अतुल सोनी ने किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक के रूप में खादी के महत्व और स्थायित्व, पर्यावरण–मित्रता और ग्रामीण सशक्तिकरण के एक साधन के रूप में प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि खादी केवल कपड़ा नहीं है, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो लोगों को आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा के मूल्यों से जोड़ता है। उन्होंने जनता, विशेषकर युवा पीढ़ी से, अपनी दैनिक जीवनशैली में खादी को अपनाने की अपील की, जिससे स्थानीय कारीगरों का समर्थन हो और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान मिले। खादी बिक्री–सह–प्रदर्शनी आने वाले दिनों में जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में महिला उद्यमियों ने कल आइलैंड फीस्टा नामक दो दिवसीय प्रदर्शनी और बिक्री का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में आठ महिला उद्यमियों ने भाग लिया। जिसमे स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भाजपा की उपाध्यक्ष शीला सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी महिला उद्यमियों को बढ़ावा देना और समर्थन करना आवश्यक है जिससे वे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगी बल्कि द्वीपों के उत्पादों को सामने लाकर यहां के हस्तशिल्प को बढ़ावा भी देंगी।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय, नवंबर–दिसंबर की विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएँ आयोजित करेगा। ये परीक्षाएं जेएनआरएम कॉलेज में आयोजित की जाएगी। पंजीकरण के लिए उम्मीदवार 20 से 26 सितंबर तक जे एन आर एम कॉलेज में संपर्क कर सकते हैं।

उधर, इसी विश्वविद्यालय की सी बी सी एस की स्नातक परीक्षा भी इसी माह में आयोजित की जाएगी। जिन छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2020–21 से 2022–23 तक प्रवेश मिला है और जिनके कोई बकाया पेपर हैं, वे अपने परीक्षा फॉर्म 25 सितंबर तक प्रवेश एवं परीक्षा शाखा में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, छात्र प्रवेश एवं परीक्षा शाखा, महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर से सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में रूक रूक कर वर्षा हो रही। आगामी तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी अथवा गरज के साथ बौछारे पड़ेंगे।

इस दौरान तेज हवा की गति 35 से 45 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से रहेगी, जिसके बढ़कर 55 किलोमीटर तक होने की संभावना है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 23 सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>